मुसीबत : मसूरी में डिमटा बैंड के पास सड़क का आधा हिस्सा टूटा

यातायात तीन घंटे बाधित, छोटे वाहनों के लिए सुचारु मगर बड़े वाहनों पर अब भी रोक

मसूरी,संवाददाता। मसूरी-कैंपटी मार्ग पर डिमटा बैंड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-707ए का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क टूटने से कैंपटी-यमुना ब्रिज मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मसूरी व यमुना घाटी के बीच आवाजाही प्रभावित हो गई। इसकी बैक कटिंग करने में करीब तीन घंटे लगे, जिसके बाद छोटे वाहनों के लिए ट्रैफिक सुचारु हो सका।

बता दें कि, बारिश के कारण मसूरी और आसपास के इलाकों में मुख्य मार्ग और संपर्क मार्गों पर पहाड़ी से मलबा आने का सिलसिला जारी है। 19 अगस्त की देर रात डिमटा बैंड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग (707ए) का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कैंपटी पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह गुसाईं ने बताया कि बारिश के कारण सड़क का आधा हिस्सा धंस गया। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि फिलहाल मसूरी से यमुना ब्रिज और यमुना घाटी से मसूरी की ओर यात्रा नहीं करें। आधिकारिक सूचना तक वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल ही किया जाए। वहीं, एनएच-707ए के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी ने बताया कि डिमटा बैंड के पास सड़क का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसका मौके पर निरीक्षण कर पहाड़ की तरफ से बैक कटिंग कर वैकल्पिक सड़क तैयार की गई है। छोटे वाहनों के लिए यातायात सुचारु कर दिया गया है। लेकिन, बड़े वाहनों के लिए यहां अभी रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि यहां पर जल्द ही सुरक्षा पुश्ता लगाने का काम भी शुरू करवा दिया जाएगा।

मसूरी-कैंपटी मार्ग पर बीते रोज डिमटा बैंड के पास एनएच का आधा हिस्सा इस तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

19 अगस्त की देर रात पहाड़ी से आया मलबा, बुरी तरह टूटी सड़क

- **एनएच के ईई विपुल सैनी बोले, जल्द सुरक्षा पुश्ता बनवा दिया जाएगा**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे मंत्री सुरक्षा कार्यों में तेजी के निर्देश

ऋषिकेश। आपदा प्रबंधन मंत्री मदन कौशिक और विधायक प्रेमचंद्र अग्रवाल ने गुरुवार को ऋषिकेश विस क्षेत्र के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने गौहरीमाफी और रायवाला में भूकटाव, जलभराव, क्षतिग्रस्त पुलिया का जायजा लिया। अधिकारियों से इन प्रभावित क्षेत्रों में अब तक किए गए राहत कार्य और आगे की कार्ययोजना भी जानी।

सेलाकुई में लगा लंबा जाम, 5 मिनट का सफर 1 घंटे में

सेलाकुई। औद्योगिक क्षेत्र में सुबह-शाम लगने वाला जाम रोजमर्रा की जिंदगी पर भारी पड़ने लगा है। हालात इतने खराब हैं कि पांच मिनट का सफर तय करने में लोगों को एक घंटे का समय लग रहा है। लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गुरुवार शाम भी सेलाकुई में लंबा जाम लगने से करीब एक घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे।

मसूरी-कैंपटी मार्ग पर डिमटा बैंड के पास सड़क का क्षतिग्रस्त हिस्सा गुरुवार को एनएच ने जेसीबी लगाकर दुरुस्त कराया, जिसके बाद छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई।

दून-मसूरी हाईवे धंसने से आफत, नए डेंजर जोन बने

मसूरी, संवाददाता। बारिश के चलते दून-मसूरी मार्ग पर लगातार मलबा आ रहा है और जगह-जगह सड़क का काफी हिस्सा धंस रहा है। ऐसे में इस मार्ग पर नए डेंजर जोन बन रहे हैं। बार-बार मलबा पहाड़ी से सड़क पर आने से यातायात मार्ग प्रभावित हो रहा है।

देहरादून-मसूरी मार्ग में सड़क धंसने का सिलसिला थम नहीं रहा है। कुछ सप्ताह में इसी मार्ग पर सड़क धंसने और भूस्खलन की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। 20 जुलाई को कोल्हूखेत के पास पानीवाला बैंड क्षेत्र में सड़क धंसी और दरारें आई थीं। 22 जुलाई को इसी क्षेत्र में पहाड़ी से भारी मलबा आ गया था और पेड़ सड़क पर गिर गए थे। पानीवाला बैंड 15 सितंबर को भी भारी बारिश और भूस्खलन की चपेट में आ चुका है। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बीच विगत सप्ताह कुठालगेट और अब पानीवाला बैंड के पास 19 अगस्त को नया धंसाव चिंता पैदा कर रहा है। टीमें धंसे हिस्से का तकनीकी आकलन कर रही हैं।

- **इसी साल जुलाई में दो नए डेंजर बने, यहां बार-बार गिर रहा है मलबा**

परेशानी : मसूरी-दून मार्ग पर पुश्ता ढह गया

मसूरी-देहरादून मार्ग पर बुधवार देर रात वाटर प्वाइंट बैंड से पहले सड़क का पुश्ता गिर गया। हालांकि यातायात पूरी तरह बाधित नहीं हुआ। सूचना पर लोनिवि अधिकारी मौके पर पहुंचे और बैरिकेडिंग कर एक तरफ से यातायात चलाया गया। जेई प्रदीप साही ने बताया कि बारिश के कारण पुराना पुश्ता गिर गया था, फिलहाल एक तरफ से यातायात सुचारु किया गया।

शहर 30s

चोरी के आरोपी को कोर्ट से जमानत

विकासनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकासनगर नंदन सिंह की कोर्ट ने सेलाकुई थाने में दर्ज चोरी के आरोपी शाहिल अंसारी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि आरोपी पर प्राथमिकी देरी से दर्ज की गई और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। आरोपी अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति है। कथित बरामदगी को फर्जी भी बताया गया।

गौकशी के आरोपी को अग्रिम जमानत मिली

विकासनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकासनगर नंदन सिंह की कोर्ट ने गौकशी में दर्ज मुकदमे में आरोपी अमीर उर्फ आमिर खान को अग्रिम जमानत दे दी। सहसपुर में आरोपी पर यूपी गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि आरोपी को झूठा फंसाया गया है और प्रथम सूचना रिपोर्ट में लगाए गए आरोप गलत तथ्यों पर आधारित हैं।

वरिष्ठ शिक्षकों पर टीईटी-2 की बाध्यता का विरोध

विकासनगर। राजकीय शिक्षक संघ कालसी ने आरटीई-टीईटी लागू होने से पहले वैधानिक रूप से नियुक्त वरिष्ठ सहायक अध्यापकों पर पदोन्नति एवं सेवा निरंतरता के लिए टीईटी-2 अनिवार्य करने का विरोध किया। शिक्षकों ने इसे मानसिक उत्पीड़न बताते हुए व्यवस्था वापस लेने की मांग की। संघ के अनुसार, करीब 20-25 वर्ष से सेवा दे रहे 50-60 वर्ष आयु के शिक्षकों पर परीक्षा थोपना अनुभव का अनादर है। मांग न मानी तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

घूमने निकले तीन भाई-बहन सहारनपुर में मिले

सेलाकुई। घर से बिना बताए घूमने निकले तीन भाई-बहन रास्ता भटकने के कारण सहारनुपर के बादशाही बाग पहुंच गए। सेलाकुई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को सहारनपुर से बरामद कर लिया। बच्चों के मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसएसआई विवेक भंडारी ने बताया कि 19 अगस्त 2026 को खेड़ी गेट सेलाकुई की महिला ने सेलाकुई थाने में सूचना दी थी।

साकिर हुसैन ने बचाई आठ वर्षीय बच्चे की जिंदगी

जौलीग्रांट। जन्मदिन का जश्न मनाने के बजाय 'एक मदद ब्लड ग्रुप' समिति के अध्यक्ष एडवोकेट साकिर हुसैन ने रक्तदान कर मिसाल पेश की। उन्होंने हिमालयन हॉस्पिटल में गंभीर बीमारी के चलते भर्ती आठ वर्षीय लव राज के लिए रक्तदान किया। साकिर ने कहा कि रक्तदान सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि जीवन देने का माध्यम है। जन्मदिन पर जरूरतमंद की मदद से खुशी दोगुनी हो जाती है।

बस चालक को कुचलने के प्रयास का आरोपी धरा

ऋषिकेश। हिमालयन यूनिवर्सिटी के बस चालक को कार से कुचलने के प्रयास के आरोप में फरार थार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। रायवाला पुलिस के मुताबिक कनखल हरिद्वार निवासी प्राची शर्मा ने 13 अगस्त को तहरीर दी थी। आरोप था कि थार चालक देव चौधरी निवासी न्यू शिवालिक नगर हरिद्वार ने बस का पीछा किया और चालक गुरमुख के बस रोकने पर उस पर ही कार चढ़ाकर जख्मी किया।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी (संजय बंसल) स्वामित्व वाली आवासीय सम्पत्ति (फ्लैट सं0 A-403, क्षेत्रफल 148.69 वर्गमीटर, मौजा ब्राहमणवाला, परगना पछवादून, देहरादून), जो उप-निबंधक कार्यालय देहरादून (प्रथम) में बही सं0 1, जिल्द सं0 2195, पृष्ठ 329 से 368, क्रमांक 10606 पर दिनांक 22.11.2007 को पंजीकृत है, के मूल विक्रय पत्र (Sale Deed) का प्रथम पृष्ठ दिनांक 09.08.2026 को प्रेमनगर क्षेत्र में कहीं खो गया है।
इस सम्बन्ध में थाना प्रेमनगर में गुमशुदगी/सूचना दर्ज करा दी गई है। यदि किसी व्यक्ति को यह प्राप्त होता है या इस पर कोई आपत्ति/दावा है, तो वह 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर सूचित करे। अन्यथा मैं उप-निबंधक कार्यालय से इसकी द्वितीय प्रतिलिपि (Certified Duplicate Copy) प्राप्त करने हेतु स्वतंत्र रहूँगा।

संजय बंसल
पुत्र स्व0 श्री एच0पी0 बंसल
पता: 32/4, ई0सी0 रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड
मो0 नं0: 9837050418

दून में देर रात वर्षा, पांच जिलों में अलर्ट

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। दून में बारिश का सिलसिला जारी है। गुरुवार दिनभर धूप और बादलों में लुकाछिपी का खेल चलता रहा। इस दौरान शहर के कई हिस्सों में अलग-अलग समय पर हल्की बारिश के कई दौर देखने को मिले। देर रात भी बारिश का दौरा चला।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. सीएस तोमर ने बताया कि शुक्रवार को उत्तराखंड के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं। टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, नैनीताल और देहरादून में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

- **जौलीग्रांट में 24 घंटों के भीतर 20.5 मिमी तक बारिश दर्ज की गई**

अधिकतम तापमान बढ़ा: दून में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। मौसम में इस बदलाव के बावजूद तापमान में बढ़त दर्ज की गई, जिससे लोगों को हल्की उमस का अहसास भी हुआ। दून में अधिकतम पारा सामान्य से दो डिग्री अधिक 31.6 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर में 0.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। राज्य के बाकी हिस्सों में भी रुक-रुक कर बारिश हुई। जौलीग्रांट में 20.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा जखोली में 14.5 मिमी तक, मालदेवता में 14.0 मिमी, ऋषिकेश व थलीसैंण में 12.5 मिमी बारिश हुई।

शक्ति नहर में गिरी कार तीसरे दिन मिली

विकासनगर। शक्ति नहर में समाई कार तीसरे दिन गुरुवार शाम ढकरानी के पास बरामद हो गई। कार सवारों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। कार मिलने के बाद अब पुलिस और एसडीआरएफ ने सर्च अभियान तेज कर दिया है।

मंगलवार की देर रात डाकपत्थर से हरबर्टपुर जा रही कार पुल नंबर एक के पास अनियंत्रित होकर शक्ति नहर में गिर गई थी। विकासनगर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कार डूब चुकी थी।

ढकरानी पावर हाउस के पास गुरुवार देर शाम टीमों ने शक्ति नहर से कार बरामद की।

सावधान: बच्चा चोर गिरोह से सतर्क रहें अभिभावक, स्कूलों ने भेजे मैसेज

विकासनगर। विकासनगर में बच्चा अगवा करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। प्रतिष्ठित स्कूलों की ओर से अभिभावकों को सूचना भेज सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि इस प्रकार का अभी तक कोई मामला नहीं आया है। इसके बावजूद अफवाहों को गंभीरता से लेते हुए जांच की जाएगी। दरअसल, कुछ दिनों से विकासनगर के प्रतिष्ठित स्कूलों की ओर से अभिभावकों को बच्चों को अकेले बाहर न भेजने और संदिग्ध व्यक्ति की सूचना देने को कहा जा रहा है। कोतवाल विनोद रौथाण ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है।

HMD Institute of Hotel Management, Dehradun
पर्यटन मंत्रालय
MINISTRY OF TOURISM
NCHMCT

Institute of Hotel Management, Dehradun
(Under the aegis of Ministry of Tourism, Govt. of India, Affiliated to NCHMCT, Noida)
Public Notice
Applications invited for vacant seats 2026–27

- Applications are invited from eligible candidates for admission to the **vacant seats in the 3-year B.Sc. HHA Degree Program**.This degree is awarded by Jawaharlal Nehru University (JNU), New Delhi.
- In addition, applications are invited from eligible candidates for admission to the **vacant seats in Diploma and Craftsmanship Programs**.
- Limited seats available. The seats will be awarded on **First Come First Serve basis**.
- **Last date to apply: 24th August 2026**

: www.ihmddn.com
: 9520006158/59/60

Principal,
IHM Dehradun,
Nimbuwala, Garhi Cantt.,
Dehradun-248003

मियांवाला के जल सृष्टि पार्क में योग-नौकायन की सुविधा

देहरादून,वरिष्ठ संवाददाता। दून में एमडीडीए ने मियांवाला में पंचायतघर के पास कई साल से उपेक्षित पुराने जौहड़ और तालाब क्षेत्र का कायाकल्प करते हुए 8.63 करोड़ से इसे आधुनिक जल-सृष्टि पार्क के रूप में विकसित किया है। इससे पहले झाझरा में सिटी फॉरेस्ट को भी विकसित किया गया।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने गुरुवार को जल-सृष्टि पार्क का मुआयना किया और परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। इस पार्क की खासियत यह है कि इसका मुख्य प्रवेश द्वार पहाड़ी शैली में बनाया गया है। आमजन के स्वास्थ्य, मनोरंजन और सुकून के लिए यहां योग डेक, योग से जुड़ी मूर्तिकला, आकर्षक गजीबो, वॉकिंग ट्रैक, गार्डन बेंच, कैंटीन, स्वच्छ शौचालय और सुरक्षा रेलिंग जैसी तमाम सुविधाएं हैं। प्राकृतिक जलस्त्रोत को नया जीवन देने के साथ ही तालाब में जलीय जीव, पक्षी और जलीय फूलों के अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया गया है। इसके अलावा, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए नौकायन की विशेष व्यवस्था की गई है।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust
अंचल कार्यालयः प्लॉट नं. 5, आई.टी. पार्क सहस्त्रधारा रोड देहरादून, उत्तराखण्ड 248001, फोन नं0 0135–2742811, 2742868

{नियम–8 (6)} अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रुप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जामानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहॉ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर दिनांक **11.09.2026 को दोपहर 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे** (10 मिनट को असीमित स्वतः विस्तार सहित है) ई–नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चो की वसूली हेतु विक्रय किया जाएगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:–

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

क्र. सं.	ऋणी और जमानतदार का नाम/पता	बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	ई–नीलामी की दिनांक व समय	बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
1.	**स्व. देव राज भाटिया पुत्र चमन लाल भाटिया** सी– ब्लॉक, मंदाकिनी विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून 248001, उत्तराखंड	समस्त सम्पत्ति का भाग भूमि और भवन (आवासीय) जिसकी क्षेत्रफल 168 वर्ग मीटर खाता संख्या 167, खसरा संख्या 123/2 मि० स्थित मौजा करनपुर खास, जनपद देहरादून यह संपत्ति श्री देव राज भाटिया के नाम पर दर्ज है, जैसा कि बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर 1766, पेज 18 और ADF बुक नंबर 1, वॉल्यूम 1770, पेज 327 से 340 में सेल डीड नंबर 356 (दिनांक 10.01.2007) के तहत दर्ज है, जिसे सब–रजिस्ट्रार देहरादून के कार्यालय में रजिस्टर किया गया था। उक्त संपत्ति की चतुर्सीमा निम्नानुसार है– **पूर्व** : श्रीमती मधु की संपत्ति, **पश्चिम** : 24 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर** : श्री उमेश शर्मा की संपत्ति, **दक्षिण** : अन्य की संपत्ति	रू0 62.00 लाख रू0 6.20 लाख **बोली वृद्धि राशि** रू0 50,000/– **कब्जा नोटिस की तिथि** 16.08.2019 (भौतिक कब्जा)	11.09.2026 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे **संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय** 07.09.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें – श्रीमती गरीमा वालिया (मुख्य प्रबंधक) देहरादून मुख्य (8679474005)	11.09.2026 को सांय 04.50 तक	रू0 17,98,000/– लाख +ब्याज दिनांक 01.01.2013 से **मांग सूचना दिनांक** 13.05.2019

नियम एवं शर्तें– **1.** बिक्री प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। बिक्री से संबंधित नियमों व शर्तों की जानकारी दी गई वेबसाईट/वेबपोर्टल https://baanknet.com पर उपलब्ध है। **2.** संपत्ति को **जैसा है ''जैसा है जहां है'' तथा ''जैसा है जो भी है'' ''जो कुछ भी है''** के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। **3.** प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा। **4.** बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई–नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से **दिनांक 11.09.2026 को दोपहर 1:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे** समाप्त होगी। **5.** बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की और से बोली लगाने प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार **07.09.2026 को सुबह 11.00 बजे और शाम 04.00 बजे** के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते है।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन 30 दिवस की विक्रय की वैधानिक सूचना

दिनांकः 20.08.2026 स्थान– देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक